सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-251
05/06/2017

केन्द्रीय जल संसाधन मंत्रालय की टीम ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

पटना, 05 जून 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार से आज केन्द्रीय जल संसाधन मंत्रालय के सचिव श्री अमरजीत सिंह के नेतृत्व में आयी हुयी केन्द्रीय टीम ने मुलाकात की और गंगा नदी की अविरलता एवं निर्मलता के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की। केन्द्रीय टीम में केन्द्रीय जल आयोग के सेवानिवृत अध्यक्ष श्री ए0वी0 पांडया, प्रो0 डॉ0 जेड0 अहमद, केन्द्रीय जल आयोग निदेशक श्री नित्यानंद राय, जल संसाधन मंत्रालय के श्री चन्द्रशेखर अय्यर एवं अन्य अधिकारी शामिल थे।

केन्द्रीय जल संसाधन मंत्रालय के सचिव श्री अमरजीत सिंह ने मुख्यमंत्री को बताया कि टीम द्वारा गंगा नदी का सर्वेक्षण फरक्का तक किया गया है, इसके बाद राज्य सरकार के जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक हुयी है।

मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय टीम के साथ विस्तृत बैठक कर उनके कार्ययोजना के संबंध में समीक्षा की और इस बात पर सहमति बनी कि गंगा नदी की सिल्ट की समस्या और अविरलता को बनाये रखने के लिये एक समिति का सेटअप हो, जिसमें केन्द्रीय जल संसाधन मंत्रालय, बिहार सरकार, इकोलॉजी, पर्यावरण तथा सामाजिक विशेषज्ञ भी सम्मिलित हों। इस समिति का टर्मस ऑफ रेफरेंस का सूत्रण केन्द्रीय जल संसाधन मंत्रालय के सचिव श्री अमरजीत सिंह एवं बिहार के मुख्य सचिव श्री अंजनी कुमार सिंह करेंगे। कमिटी मॉनसून के पूर्व तथा मॉनसून अवधि में बाढ़ग्रस्त इलाकों का जमीनी अध्ययन कर यह प्रतिवेदन दे कि गंगा नदी की समस्या का क्या–क्या निदान हो सकता है।

बैठक में जल संसाधन मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, मुख्य सचिव श्री अंजनी कुमार सिंह, प्रधान सचिव जल संसाधन श्री अरूण कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अतीश चन्द्रा सहित जल संसाधन विभाग के अन्य वरीय अधिकारी/अभियंतागण उपस्थित थे।

******